दो गुटों में हिंसक संघर्ष के बाद गौरेला में स्थिति तनावपूर्ण

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर, 27 जुलाई। गौरेला में दो गुटों के बीच हिंसक संघर्ष के बाद भले ही मामला शांत हो गया हो लेकिन आग अंदर-अंदर सुलग रही है। एक गुट के दो युवक गंभीर रूप से सिम्स में भर्ती है। फिलहाल गौरेला पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है और वहां की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। मंगलवार को पेण्ड्रा और गौरेला में बाजार का दिन रहता है इसे देखते हुए मामला और संवेदनशील माना जा रहा है। पुलिस सड़कों पर मार्च कर रही है और प्रभारी कलेक्टर और एसपी वहां मौजूद रहकर माहौल को नियंत्रित करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

पुलिस कर रही सड़कों पर मार्च

गौरेला में रविवार की रात राजेश अग्रवाल के पुत्र पीयूष अग्रवाल के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद शाम 6 बजे से शुरू हुआ हंगामा देर रात तक चलता रहा। रविवार की रात में ही पीयूष के साथ भाजपा समर्थित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने में जमकर हंगामा मचाते हुए तोड़फोड़ भी की। बाद में थाना प्रभारी ने वकील, अमन, अकीब, विक्की, ईशांत के खिलाफ अपराध दर्ज कर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद कार्यकर्ता अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। बाद में सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन देने पर मामला शांत हुआ। रात में शुरू हुई मामूली लड़ाई ने सोमवार को फिर से उग्र रूप धारण कर लिया। दोपहर करीब 1 बजे दो लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में दूसरे पक्ष के लोग सड़क पर उतर आए। वहीं, रात में उत्पात करने वाले युवक भी फिर से हंगामा मचाने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग शक्ति प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान लाठी, रॉड, तब्बल, तलवार व कट्टा सहित अन्य धारदार हथियार लेकर रैली निकाली गई। दोनों पक्षों की रैली अग्रसेन चौक स्थित गुरूद्वारा के पास पहुंची ही थी कि यहां पुलिस की मौजूदगी में जमकर पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आपस में हथियार भांजने लगे।

पथराव व मारपीट की घटना के बाद उपज रहे संघर्ष को रोकने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों को भगाने के लिए लाठी चार्ज शुरू कर दिया। मौके पर जैसे ही पुलिस की लाठियां चलीं दोनों पक्षों की भीड़ तितर-बितर होकर भागने लगी। इसके बाद यहां करीब एक घंटे तक कर्फ्यू जैसी स्थिति रही। दोनों पक्षों के हमले में करीब 20 लोग घायल हो गए हैं। वहीं, सईद व तमीम को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों घायलों की स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सिम्स भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही सोमवार दोपहर प्रभारी कलेक्टर मुकेश बंसल व एसपी जयंतकुमार थोरात गौरेला के लिए रवाना हुए। इसके साथ ही

बिलासपुर से बड़ी संख्या में पुलिस बल भेजा गया। शाम तक पूरा गौरेला पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।

गौरेला पहुंचे प्रभारी कलेक्टर श्री बंसल व एसपी श्री थोरात ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। इस घटना के लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और कोई भी आरोपी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अब यहां स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

शांति समिति की बैठक में देरी

गौरेला में दो समुदायों के बीच झगड़ा होने के बाद भी एसडीएम ने मामले को शांत करने में तत्परता नहीं दिखाई। इसके अलावा शांति समिति की बैठक बुलाने में कोताही बरती जा रही थी। इसकी जानकारी लगने पर अपर कलेक्टर टीके वर्मा ने स्वयं एसडीएम सौम्या चौरसिया को तत्काल बैठक आयोजित करने का फरमान जारी किया। इसकी जानकारी लगने पर प्रभारी कलेक्टर मुकेश बंसल ने भी नाराजगी जाहिर की।

प्रशासन ने नहीं दिखाई तत्परता

इधर गौरेला में दो गुटों के बीच विवाद की सूचना जिला मुख्यालय के अधिकारियों को रात में ही मिल गई थी लेकिन प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के चलते यहां सोमवार को कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा। आलम यह था कि दोपहर में लाठी चार्ज की स्थिति निर्मित हुई तो बगैर दंडाधिकारी आदेश के ही एसडीओपी को लाठी चार्ज कराना पड़ा।

लड़ाई बढ़ती जा रही थी लेकिन इसके बावजूद प्रशासन के अधिकारी यहां तक तहसीलदार भी मौके पर नहीं पहुंचे। शहरवासी प्रशासनिक अफसरों की निष्क्रियता की पूरे दिन चर्चा करते रहे। शाम को प्रभारी कलेक्टर मुकेश बंसल व एसपी के पहुंचने पर लोगों ने अफसरों की शिकायतें भी की।

53 हजार के सामान के साथ 5 पकड़ाए

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 27 जुलाई। 26 जुलाई को जिला क्राईम ब्रांच टीम को रात्रि गश्त के दौरान ग्राम बागतराई में एक पुराना शातिर चोर रूपचंद महार्र बागतराई संदिग्ध रूप से घूमते मिला जिसे संदेह के आधार पर पकड़ कर पूछताछ करने पर 18, 19 जुलाई की रात ग्राम भानपुरी के ग्राम पंचायत भवन में लगा ताला तोड़कर कम्प्यूटर सेट चोरी करना तथा बिक्री के लिए अपने घर में रखना बताने पर उसके घर से कम्प्यूटर सेट कीमत 30 हजार रुपए जब्त की गई।

26 जुलाई को ही भ्रमण के दौरान धमतरी पंचवटी कालोनी में संदेही धरमु, रवि देवदास, गोलू उर्फ राम प्रसाद तथा प्रशांत उर्फ परसी सभी निवासी अटल आवास पंचवटी कालोनी धमतरी को पकड़कर मंदिर एवं कालोनी में चोरी किया हुआ सामान 2 डीवीडी प्लेयर, 5 नग सीलिंग फैन तथा 3 मोबाईल सेट एवं अन्य सामान जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त सभी आरोपियों से 53 हजार रुपये का सामान जब्त किया गया है।

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने 6 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 27 जुलाई। मेडिकल कॉलेज में एक छात्रा को प्रवेश दिलाने के नाम पर छ: लाख की ठगी करने के मामले में भखारा पुलिस ने हाईटेक ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इस्ट्रीट्यूट उड़ीसा के काऊंसलर रायपुर निवासी दो व्यक्ति के खिलाफ 420 का मामला दर्ज किया है ।

भखारा निवासी प्रार्थी मोहन सिंह हरदेल ने सालभर पूर्व मार्च-अप्रेल 2009 को समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन पढ़कर अपने साथी यहीं के मोहन गोस्वामी के साथ हाईटेक ग्रुप ऑफ मेडिकल कॉलेज उड़ीसा के नाम से देवेन्द्र नगर रायपुर में संचालित सिटी ऑफिस में अपनी पुत्री मोनिका हरदेल की प्रवेश के लिए जानकारी लेने 12 अप्रेल 2009 को गए थे। जहां मौजूद उक्त कॉलेज के काऊंसलर भागीरथी मुदुली से चर्चा की, तो उन्होंने कहा कि अगर मोनिका सीजीपीएमटी दिला रही है तो उनके कॉलेज बिलासपुर में सीआईएमएस में कम शुल्क पर प्रवेश करा देंगे। यहां उनका वर्षो से ऑफिस संचालित है। फिर उसने अपने साथ तरूण कुमार डोंगरा को बुलाकर फीस संबंधी चर्चा की। जिसमें हाईटेक ग्रुप ऑफ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए वैसे तो 22 लाख का पैकेज एवं सीआईएमएस बिलासपुर में एमबीबीएस के लिए 10 लाख का कंपलीट फीस होना बताया। जिस पर श्री हरदेल ने 10 लाख फीस देने तैयार हो गया। इसके बाद भागीरथी ने कहा कि दूसरे दिन 13 अप्रेल 2009 तक 1 लाख रुपये टोकनमणी के रूप में जमा करेंगे,तो सीट सुरक्षित हो जाएगी। इसकी राशि लेने वे स्वयं आएंगे। कहे मुताबिक भागीरथी एवं उनके साथी तरूण कुमार भखारा पहुंचे।

जहां दोपहर 1:30 बजे अपने निवास में हरदेल ने दो युवकों के सामने 1 लाख रुपये दिया। जिसके एवज में तरूण ने गारंटी के रूप में इतनी ही राशि का चेक दिया। इसके बाद बांकी का रकम तरूण बीच-बीच में भखारा आकर 1.50 लाख, 1 लाख तथा प्रवेश की प्रक्रिया प्रगति पर बता 30 मई 2009 को अपने एकाउंट में 50 हजार डालने कहा। फिर काऊंसलर भागीरथी डोंगरा 2 लाख सहित कुल 6 लाख रुपये ले गए। उसने इस दौरान कहा कि अब बांकी फीस दिसम्बर में जमा करेंगे । दोनों ने गारंटी के तौर पर चेक दिए थे।

इसके बाद जब मोहन सिंह हरदेल ने एडमिशन के बारे में जब भी पूछते थे तो दोनों व्यक्ति यही बताते थे कि कार्य प्रोग्रेश में है। यही नहीं दोनों का यह भी कहना था कि यदि किसी कारणवश बिलासपुर कॉलेज में प्रवेश नहीं हुआ तो वे लोग हाईटेक कॉलेज उड़ीसा में भर्ती करा देंगे। काफी दिनों बाद भी एडमिशन नहीं हुआ तो दोनों व्यक्ति द्वारा दिए गए 6 लाख का चेक बैंक में लगाने पर बाऊंस हो गया। जिससे वह दोनों व्यक्ति के ठगी का शिकार हो गया। जिसकी रिपोर्ट आज भखारा थाने में की गई। जिस पर पुलिस ने भागीरथी व उनके साथी तरूण के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया।

संक्षिप्त खबरें

इंटक कराएगा भारत बंद

जगदलपुर, 27 जुलाई। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की राज्य शाखा ने तय किया है कि केन्द्र की गलत आर्थिक नीतियों के चलते बढ़ती मंहगाई का विरोध जताने 7 सितम्बर को राष्ट्रव्यापी भारत बंद करवाएंगे। इंटक के प्रांतीय उपाध्यक्ष एमए इकबाल के अनुसार रांची में पिछले दिनों राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके संयोजन की जिम्मेदारी सांसद डॉ.जी संजीवा रेड्डी को सौंपी गई। आंदोलन में दस प्रमुख संगठन शामिल होंगे।

10 दिनी नि:शुल्क शिविर शुरू

जगदलपुर, 27 जुलाई। जगन्नाथ मंदिर परिसर में आज 27 जुलाई से 5 अगस्त तक के 10 दिनी नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसमें 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज की ओर से एडवांस सुजोक एक्युप्रेशर पद्धति से इलाज किया गया। समाज के अध्यक्ष अर्जुन पांडे ने बताया कि डॉ. संतोष, मनोज, चंदन झा, नीरज कुमार और नवीन कुमार अपनी सेवाएं दे रहे है।

चोरों ने मंदिर को भी नहीं छोड़ा

जगदलपुर, 27 जुलाई। चोरों ने मंदिर जैसे पवित्र स्थान को भी नहीं छोड़ा। रमैया वार्ड स्थित दादाबाड़ी जैन मंदिर से कल रात चोरों ने दानपेटी और गुरूदेव जी की मूर्ति में लगी सोने की 8 टिकलियों को चुरा लिया। जिसकी सूचना मनोहर पिता टिकमचंद लुनिया 58 वर्ष ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि जैन दादाबाड़ी मंदिर के दानपेटी के साथ गुरूदेव की मूर्ति पर लगे करीब 25 सौ रूपए की सोने की टिकलियों को रविवार को चुरा लिया। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई में जुट गई।

महिला ने खुद को आग लगाई

रामानुज नगर (सरगुजा), 27 जुलाई। रामानुज नगर के पास कैलाशपुर गांव में एक विवाहित ने खुद पर मिट्टी तेल डालकर आत्महत्या कर ली। वह 100 फीसदी जल गई और घर में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से गांव में मातम छा गया है। पुलिस के मुताबिक महिला लंबे समय से बीमार चल रही थी, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या की। थाना प्रभारी श्री सोनवानी ने बताया कि कैलाशपुरीवासी इंदल साय पनिका की पत्नी नान बाई ने बीमारी से त्रस्त होकर खुद पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त इंदल साय अपने खेत में काम करने गया था। इंदल घर लौटा तो देखा कि नान बाई जली पड़ी है। पैर के अलावा उसका पूरा शरीर राख हो गया था।

पीजी कॉलेज में प्रवेश फार्म उपलब्ध

जगदलपुर, 27 जुलाई। स्थानीय पीजी कॉलेज में 21 जुलाई से बीएससी, बीए , एमकॉम सेकण्डईयर का फार्म बिकना शुरू हो गया है, जिसके चलते 5 दिनों के अंदर 400 फार्म बिक चुके हैं। वहीं इस फार्म का मुल्य 20 रूपए है, फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है।

सोनवंशी जिलाध्यक्ष नियुक्त

जगदलपुर, 27 जुलाई। बसपा प्रदेशाध्यक्ष एड सदानंद मार्कण्डेय की उपस्थिति में रविवार को सर्किट हाउस बसपा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें देवलाल सोनवंशी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष बेगम नजमा खान, महासचिव आयतु मंडावी और जिला सचिव के रूप में अन्य गौतम रंगारी को नियुक्त किया गया।

अनियंत्रित बाइक गिरी, 2 गंभीर

जगदलपुर, 27 जुलाई। जगदलपुर में अपनी बाईक बना कर जा रहे 2 युवक की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार कल रात 10 बजे जगदलपुर से अपनी बाईक पर सवार होकर पीलाराम पिता समलू 24 महारापारा थाना कुआंकोण्डा तथा उसका दोस्त चेतन पिता गंगू 22 महारापारा जा रहे थे केशलूर के आगे सामने से आ रही ट्रक के लाईट का उजाला आंखों में आने से बाईक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई, जिससे दोनों युवकों को सिर, घुटना व हाथ में गंभीर चोटें आई, उसके दोस्तों ने रात 11 बजे महारानी अस्पताल में भर्ती करवाया।

ऑटो ने हीरोपुक सवार को मारी ठोकर

जगदलपुर, 27 जुलाई। शहर में आज कल आटो की रफ्तार से आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हो रही है जिसके चलते अस्पताल में दुर्घटनागस्त लोगों की भीड़ बढ़ गई है। ऐसी ही दुर्घटना कालीपुर से धनपुंजी आ रहे समीर पिता फड़ीतराम 35 निवासी कालीपुर कल दोपहर दो बजे अपने हिरोपुक में सवार होकर जा रहे थे। नगरनार थाना के पास सामने से आ रही आटो ने टक्कर मार फरार हो गया। जिससे युवक के सिर, आंख में चोट आई जिसे शाम 4 बजे महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया।

एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर शुरू

जगदलपुर, 27 जुलाई। आरण्यक ब्राम्हण समाज 360 घर के सौजन्य से श्री जगन्नाथ मंदिर सिरहासार चौक के प्रांगण में 27 जुलाई से 5 अगस्त तक लाभांवित लोगों के मांग पर दूसरे बार 10 दिवसीय नि:शुल्क एडंवास सुजोक एक्युप्रेशर चिकित्या शिविर का आयोजन किया जास रहा है। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था इंण्डियन बोर्ड ऑफ अल्टरनोटिस मेडिसिंस कोलकाता के विशेषज्ञ एसडीओ संतोष कुमार, मनोज कुमार, चंदन झा, नीरज कुमार एवं नवीन कुमार एडंवास सुजोक एक्युप्रेशर चिकित्सा पद्धति द्वारा सभी प्रकार के जटिल रोगों का जैसे गठिया बात, दमा, लकवा, माईग्रेन साईनस, ब्लडप्रेशर, डाईबिटिज, स्लीपडीस, साइटिका कमर घटना एंडी दर्द, स्पोडोलाइटिस गैस, कब्ज, मानसिक रोग, मोटापा, कइ बढ़ाने, आंख कान गला संबंधी रोग, स्त्री पुरूषों के आतंरिक रोगों का बिना दवा खिलाए बिना कोई साईड इफेक्ट के अविलम्ब प्रभावकारी एवं स्थाई उपचार करेंगे।

सांसद ने किया जूडो विजेता बालिकाओं का सम्मान

जगदलपुर, 27 जुलाई। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने बस्तर जिला जूडो में शामिल होकर दसवीं सब जूनियर राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता भिलाई में भाग लिया जिसमें एक गोल्ड मेडल दो सिल्वर मेडल एवं एक ब्रांज मेंडल लेकर जिले का नाम रौशन किया।

राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता 12 से 14 जुलाई तक छग अग्रवाल भवन जीई रोड भिलाई में आयोजित किया गया। बस्तर के छात्राओं ने प्रतियोगिता में छग के समस्त जूडो खिलाड़ियों से अपना लौहा मनवाया तथा क्रमश: राधा ने गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र एवं नगद राशि एक हजार रूपए प्राप्त किया तथा नीलम, सुमन ने सिल्वर मेडल प्रमाण पत्र व राशि 750 रूपए एवं डिम्पल ने कास्य पदक प्रमाण पत्र और नगद राशि 500 रूपए प्राप्त कर बस्तर जिला एवं कोच कविता का नाम रौशन किया। खेल एवं यवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जूडो प्रतियोगिताँ में विजेता खिलाड़ियों का बस्तर सांसद बलीराम कश्यप ने अपने निवास पर छात्राओं का सम्मान किया। इस अवसर पर अधीक्षिका शोभा रानी ठाकुर, डीपीसी राजेन्द्र झा, एपीसी नितिन डडसेना, बीआरसी सुभाष गंजीर, जूडो कोच अब्दुल मोईन खान एवं शिक्षकगण श्रीमती रीनादास विश्वास, श्रीमती गीता शक्ला, श्रीमती नमिता खराशु, श्रीमती पुष्पा कश्यप, श्रीमती लीलावती नाग, नंदनी ध्रुव, श्रीमती सुलोचना श्रीमाली, रंजनी पटनायक ने बधाई दी। उक्त जानकारी आश्रम अधिक्षिका शोभारानी ठाकुर ने दी।

क्षतिग्रस्त पुलिया पर आवागमन बहाल

रेत की बोरियां डाल कर किया मार्ग दुरुस्त

देवभोग, 27 जुलाई। सांई देव सेवा समिति के पहल पर क्षतिग्रस्त पुलिया पर आवागमन बहाल हुआ। धसके पूल के ऊपर रेत की बोरियां डालकर आवागमन के लायक बनाया गया। इसी प्रकार तेल नदी के मुम्हड़ई घाट पर स्थित क्षतिग्रस्त पूल पिछले चार साल से उसी स्थिति में है। नए पूल का काम भी काफी धीमीगति से चल रहा है।

शुक्रवार और शनिवार की तेज बारिश से तेल नदी उफान पर आ गया। जिससे बुम्हड़ई घाट की क्षतिग्रस्त पूल पर डाले गए मिट्टी-मुरुम बह गया। इससे नदीपार स्थित लगभग 36 गांवों का संपर्क देवभोग मुख्यालय से कट गया। लेकिन इसका मरम्मत करने न तो लोक निर्माण विभाग के कोई कर्मचारी पुहंचे न ही सेतू निगम ने इसकी सुध ली। इसके बाद सांई देव सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष दौरा व होरीलाल साहू के नेतृत्व में समिति के दो दर्जन युवकों ने बुम्हड़ई घाट पहुंच कर प्लास्टीक की बोरियों में रेत भर कर क्षतिग्रस्त पूल पर डाले जिससे आवागमन बहाल हुआ।

ज्ञात हो कि चार साल पहले तेलनदी पर आए बाढ़ के कारण पूल के बीच में स्थित चार बाक्स नदी में घंस गया। इससे भारी वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है। लेकिन मरम्मत के लिए अब तक शासन द्वारा कोई पहल नहीं हुई। हालांकि राज्य सरकार ने बुम्हड़ई घाट पर 420 मीटर लंबी पूल बनाने 8 करोड़ की स्वीकृति दी है। मई 2008 में कार्य आदेश जारी हुआ था। वर्षा माह को छोड़कर 12 माह की अवधी में कार्य पूर्ण कर लेना था। लेकिन अब तक पील्हर खड़े कर नींव का काम पूरा नहीं किया जा सका है।

इस संबंध में एसडीएम बी. आर. नागरची ने कहा कि कार्यपूर्ण कराने अनुविभागीय कार्यालय से सेतूनिगम रायपुर को पत्र लिखा गया है। क्षतिग्रस्त पूल पर आवागमन बाधित होने पर हर संभव बहाल करने का प्रशासनिक प्रयास किया जाता है। सूचना मिलने पर लोनिवि द्वारा बोरियां डलवाई जाती है।

सैलानी की डायरी

जापान के शहर इटो की मात्सुकावा नदी में 1956 से हर बरस लकड़ी के टब में दौड़ होती है। इसमें बैठे हुए लोग छोटे-छोटे चप्पुओं से आगे बढ़ाते हैं। दरअसल जापानी महिलाएं परंपरागत रूप से लकड़ी के इन टबों में कपड़े धोने का काम करती थीं और जब वाशिंग मशीनें आ गईं तो ऐसे टब बेकार हो गए। लेकिन इटो के लोगों ने तय किया कि वे इन टबों से नदी में नौका दौड़ करवाकर टबों को जिंदा रखेंगे तब से यह हर बरस 4 सौ मीटर की लंबाई में होती है। और इसमें हिस्सा लेने वाले लोग जापान की परंपरागत पोशाकें भी पहनते हैं।

पाठक इस कॉलम के लिए दुनिया भर की तस्वीरें भेज सकते हैं। अगर तस्वीर उनकी खीचीं हुई हो तो उसका जिक्र करें। pix.chhattisgarh@gmail.com

कुमावत को प्रदेश भाजपा में जगह सियासी संतुलन की कोशिश

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर, 27 जुलाई। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रतिनिधि रहे रामदेव कुमावत को बतौर विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा के हफ्ते भर बाद हुई इस नियुक्ति को सियासी संतुलन की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

संगठन के बाद अब सत्ता में भी नियुक्तियों के लिए सुगबुगाहट तेज हो गई है। प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी में इस बार शहर के कई दिग्गजों को स्थान नहीं मिला। वहीं कुछ नए लोगों को मौका दिया गया। रामदेव कुमावत की नियुक्ति की जिलाध्यक्ष राजा पांडे ने पुष्टि की है। समझा जाता है कि एल्डरमेन सहित कुछ अन्य समितियों में अशासकीय सदस्यों की नियुक्तियां विधानसभा सत्र के बाद की जाएगी। खबर है कि नगर निगम में एल्डरमेन के पद के लिए जिले के प्रभारी मंत्री अमर अग्रवाल ने बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत जोन प्रभारियों को उपकृत करने की मंशा बनाई है। नगर भाजपा को छह मंडल इकाईयों में विभक्त करने के बाद जोन प्रभारियों का अस्तित्व संगठन की दृष्टि से शून्य हो गया है। लिहाजा इनके पुनर्वास के लिए नाम भेजने की चर्चा सरगर्म है। एल्डरमेन के लिए चल रहे नामों में किशोर राय, उदय मजूमदार, मनीष शुक्ला, विजय ताम्रकार, मनीष अग्रवाल आदि के नामों की चर्चा है। इसी प्रकार आरटीओ विभाग के लिए अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति के लिए नाम भेजे गए हैं।

एनएसयूआई का हस्ताक्षर अभियान शुरू

जगदलपुर, 27 जुलाई। स्थानीय पीजी कॉलेज में एनएसयुआई अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में आज सुबह 12 बजे हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। यह हस्ताक्षर अभियान दो अगस्त तक चलेगा। जिसके बाद 3 अगस्त को राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे तथा उसी दिन रायपुर के विधान सभा का घेराव करेंगे।

यह हस्ताक्षर अभियान सभी कॉलेजों, स्कूलों में चलाया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक हस्ताक्षर कर 500 छात्रों को रायपुर में ले जाने का लक्ष्य है तथा विधानसभा घेराव भी किया जायेगा। आज के हस्ताक्षर अभियान में लड़कियों ने भी हस्ताक्षर कर अभियान में अपना स्थान बनाया। इसके अलावा एनएसयुआई कार्यकर्ताओं जिसमें रोहित पांडे, राहुल सेठिया, रवि कंवर, इमरान, लवि, सुदीप नारायण, धीरेन्द्र मरकाम, मिंटा, राकेश सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।